Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 03 जुलाई, 2023

वेक्टर-जनित रोगों के लिये तैयारी

हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने मानसून के मौसम से पहले **वेक्टर जनित बीमारियों को रोकने और नियंत्रित करने में राज्य** की तत्परता का वस्तुतः मूल्यांकन किया, सक्रिय उपायों तथा रोग के बोझ को कम करने के लिये स्वास्थ्य आवश्यकताओं के महत्त्व पर ज़ोर दिया। वेक्टर-जनित बीमारियाँ **मच्छरों, किलनी, पिस्सू और मक्खियों जैसे संक्रमित वाहकों के काटने से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों का एक समूह है।** इन बीमारियों में **मलेरिया**, **डेंगू बुखार**, **चिकनगुनिया**, **जापानी इंसेफेलाइटिस**, **लिम्फेटिक फाइलेरिया** **और** **कालाज़ार** शामिल हैं। वे आमतौर पर मौसमी होते हैं और **उनके फैलने का खतरा होता है, ये बीमारियाँ ज़्यादातर मानसून और इसके बाद की अवधि के दौरान उत्पन्न होती हैं।**

और पढ़ें... डेंगू, कालाज़ार रोग, जापानी इंसेफेलाइटिस, मलेरिया

इंडिया पोस्ट और कनाडा पोस्ट ने ई-कॉमर्स के लिये ITPS प्रस्तुत किया

इंडिया पोस्ट और कनाडा पोस्ट ने हाल ही में दोनों देशों के मध्य **इंटरनेशनल ट्रैक्ड पैकेट सर्विस (ITPS) प्रारंभ** करने के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। यह सेवा **01 जुलाई, 2023 से प्रभावी** है। **ITPS पैकेटों के प्रसारण तथा वितरण के लिये एक प्रतिस्पर्द्धी सेवा** है, साथ ही इसे स्थानीय डाकघरों का उपयोग करके अपने उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये **MSMEs,** छोटे व्यवसायों, व्यापारियों आदि सहित **ई-कॉमर्स** निर्यातकों की **सीमा पार शिपिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये डिज़ाइन** किया गया है। ITPS सुविधा जो पहले से ही **38 भागीदार देशों के साथ उपलब्ध** है, में ब्रिटेन, फ्राँस, संयुक्त अरब अमीरात तथा मिस्र जैसे हाल ही में शामिल देश हैं और अब कनाडा को 39वें भागीदार के रूप में शामिल किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय EMS (स्पीड पोस्ट) तथा अन्य बाज़ार उत्पादों की तुलना में ITPS दरें बहुत किफायती रखी गई हैं।

INS सुनयना का बीरा, मोज़ाम्बिक का दौरा

हाल ही में **भारतीय नौसेना** के एक नौसैनिक जहाज़ **INS सुनयना ने बीरा, मोज़ाम्बिक** के बंदरगाह का दौरा किया जो अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने तथा **सागर- क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास** के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने हेतु भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **INS सुनयना** की तैनाती में **मोज़ाम्बिक के तट** पर एक **संयुक्त** **विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ)** **की गश्त** करना भी शामिल है जो दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और बढ़ाती है। **मिशन सागर को वर्ष 2015 में आरंभ किया गया था** । यह हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में भारत की रणनीतिक दृष्टि है। सागर के माध्यम से भारत अपने **समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग को सुदृढ़** करना चाहता है तथा **उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना** चाहता है।

और पढ़ें... [क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास](), [विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ)]()

भारत ने आठवीं एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब जीता

एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप, वर्ष 2023 में भारत ने विजय प्राप्त की और नौ संस्करणों में आठवीं बार यह खिताब जीता। मैच का फाइनल दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित हुआ। भारतीय कबड्डी टीम अब 23 सितंबर से 8 अक्तूबर, **2023 तक चीन के हांगझू में होने वाले आगामी** [एशियाई खेलों]() में भाग लेगी। **पहली एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप** वर्ष 1980 में आयोजित की गई थी और इसे **वर्ष 1982 में नई दिल्ली में आयोजित 9वें एशियाई खेलों** में एक प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया था। कबड्डी भारत का सबसे **प्रसिद्ध पारंपरिक खेल** है जो मूल रूप से एक लड़ाकू खेल है, जिसमें प्रत्येक टीम में सात खिलाड़ी होते हैं, यह 5 मिनट के अंतराल (20-5-20) के साथ 40 मिनट की अवधि तक खेला जाता है। इस खेल का मुख्य विचार **प्रतिद्वंद्वी के कोर्ट में हमला करके तथा एक भी बार साँस लिये बिना जितना संभव हो रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों को छूकर अंक हासिल करना है।** खेल को प्रोत्साहित करने के लिये **वर्ष 1950 में अखिल भारतीय कबड्डी महासंघ का गठन किया गया था।** भारत और एशिया के पड़ोसी देशों में खेल को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से **भारतीय ओलंपिक संघ** (IOA) से संबद्ध नई संस्था, **एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया** (AKFI) की वर्ष 1972 में स्थापना की गई।

और पढ़ें...[महत्त्वाकांक्षी भारत में खेल की भूमिका]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-03-july-2023